मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

रोवर्स/रेंजर्स–2017–2018

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की आख्या

सत्र **2017–18** में महाविद्यालय में दिनांक **13, 14** एवं **15 नवम्बर, 2017** को **रोवर्स/रेंजर्स** के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 9.30 बजे **रोवर्स/रेंजर्स** के जिला संगठन आयुक्त, **गाजियाबाद**, **श्री श्याम सिंह जी** ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया उसके पश्चात् **रोवर्स/रेंजर्स** ट्रेनर **श्री नेहरा जी** ने **रोवर्स/रेंजर्स** को इस कार्यक्रम के विषय में मूल जानकारियां प्रदान करते हुए इसके उद्देश्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के **रोवर्स लीडर डॉ0 मयंक मोहन जी** एवं **रेंजर्स लीडर डॉ0 सीमाराज जी** ने उपस्थित रहकर **रोवर्स/रेंजर्स** को प्रोत्साहित किया। इस शिविर के मध्य प्राचार्य महोद्य ने भी निरीक्षण किया।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दिनांक **14.11.17** को **रोवर्स/रेंजर्स** ट्रेनर **श्री नेहरा जी** ने **रोवर्स/रेंजर्स** को कई तरह की गांठे बांधनी सिखायी जिनका उपयोग **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा आपदा प्रबन्धन के समय किया जाता है इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा के संबध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। दोपहर के पश्चात् महाविद्यालय प्रांगण में **रोवर्स/रेंजर्स** को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया कि किस प्रकार सीमित साधनों के अधिकतम प्रयोग से अधिक से अधिक सेवा कार्य किया जा सकता है।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अन्तिम दिन दिनांक **15.11.17** को **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा उन सब क्रियाओं का प्रदर्शन करना था जो कि उन्होंने सीखी थी इसके लिये **रोवर्स/रेंजर्स** में एक अलग ही उत्साह

दिखाई दे रहा था। अलग–अलग टोलियों के रूप में 10–10 सदस्यों की **रोवर्स** की 6 टोलियां बनी तथा **रेंजर्स** की 5 टोलियां बनी। इस सभी टोलियों ने महाविद्यालय प्रांगण में तरह–तरह के तम्बू लगाकर तथा अत्यन्त सीमित साधनों के साथ किस प्रकार दूसरों की मदद की जा सकती है का संदेश देते हुए एक अद्भुत वातावरण का निमार्ण किया। इसके साथ ही **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा कैम्प फॉयर का आयोजन करके विभिन्नि कार्यक्रमों की प्रस्तुती की। इस अवसर पर **डॉ0 सुनीता सिरोही जी, डॉ0 रिचा यादव, डॉ0 विवेकशील, कार्यालय से श्री सतपाल जी इत्यादि उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर** के अन्त में **रोवर्स/रेंजर्स** को समाज सेवा की शपथ दिलायी गयी तथा महाविद्यालय के **रोवर्स/रेंजर्स** अधिकारी **डॉ0 मयंक मोहन** तथा **डॉ0 सीमा राज** ने **रोवर्स/रेंजर्स** ट्रेनर **श्री नेहरा जी** सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

रोवर्स अधिकारी– डॉ0 मयंक मोहन – दयानन्द टोली
रेंजर्स अधिकारी– डॉ0 सीमाराज – लक्ष्मीबाई टोली